राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने डॉ० भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 06 दिसम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने डॉ० भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना हाई कोर्ट के पश्चिम स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद सहित अन्य मंत्रिगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ० भीमराव अम्बेदकर को नमन कर उन्हें श्रद्धा सुमन निवेदित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–संपर्क विभाग के कलाकारों ने भजन एवं गीत प्रस्तुत किये।

....